SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये General Knowledge की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज SSC MTS और Exam के लिए के General Knowledge के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 15 Questions for General Knowledge

25/11/2019

129. औरंगजेब द्वारा निर्मित एकमात्र इमारत कौन-सी है ?

(A) दिल्ली में जामा मस्जिद

(B) फतेहपुर सीकरी में जामा मस्जिद

(C) लाल किले में मोती मस्जिद

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. निम्नलिखित युद्धों और वर्षों के जोड़ों में कौन-सा सही नहीं है ?

(A) तराइन का प्रथम युद्ध (1191 ई.)

(B) पानीपत का द्वितीय युद्ध (1556 ई.)

(C) तराइन का द्वितीय युद्ध (1196 ई.)

(D) पानीपत का तृतीय युद्ध (1761 ई.)

131. भारत में पुर्तगाली शासन की स्थापना किसने की ?

(A) वास्कोडिगामा

(B) अलफांसो द अल्बुकर्क

(C) बार्थोलोम्यू डियाज

(D) उपर्युक्त में से किसी ने नहीं

132. प्लासी की लड़ाई (1757 ई.) क्लाइव और उसकी फौजों द्वारा किस मुख्य कारण से जीती गई ?

(A) क्लाइव के व्यक्तिगत पराक्रम द्वारा

(B) अंग्रेजी फौजों के अत्यधिक संख्या में होने के कारण

(C) मीरजाफर और रायदुर्लभ की गद्दारी के कारण

(D) सिराजुद्दौला के कम उम्र और युद्ध में अनुभव के अभाव के कारण

133. 1857 ई. की क्रान्ति की असफलता के कारणों में निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं था?

(A) एकता का अभाव

(B) अधिकतर भारतीय नरेशों ने अंग्रेजों का साथ दिया

(C) विद्रोह स्थानीय रूप से सीमित

(D) अंग्रेजों ने कुछ नेताओं को रिश्वत देकर अपने पक्ष में कर लिया

134. 1885 ई. का ऐतिहासिक महत्त्व है, क्योंकि–

(A) इस वर्ष भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस की स्थापना हुई

(B) हिन्दू और हरिजन नेताओं में पूना समझौता हुआ

(C) महात्मा गांधी का जन्म हुआ

(D) जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ

135. विद्रोहियों के निम्नलिखित नेताओं में से किसे 1857 ई. की क्रान्ति के दौरान युद्ध के बीच में ही मार दिया गया ?

(A) तात्या टोपे

(B) नाना साहेब

(C) झाँसी की रानी

(D) मौलवी अहमदुल्ला

136. ब्रह्म समाज आन्दोलन के प्रवर्तक कौन थे ?

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(B) केशवचन्द्र

(C) राजा राममोहन राय

(D) स्वामी दयानन्द

137. स्वामी दयानन्द सरस्वती ने निम्नलिखित में से किसकी स्थापना की ?

(A) आर्य समाज

(B) ब्रह्म समाज

(C) प्रार्थना समाज

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में क्रान्तिकारियों द्वारा किस तिथि को दिल्ली पर कब्जा किया गया ?

(A) 29 मार्च, 1857

(B) 9 मई, 1857

(C) 12 मई, 1857

(D) 17 जून, 1857

139. लॉर्ड विलियम बैंटिक भारतीय इतिहास में किसके लिए विख्यात है ?

(A) वित्तीय स्थायित्व लाने के लिए

(B) सामाजिक सुधारों के लिए

(C) सैनिक सुधारों के लिए

(D) विजयों की नीति के लिए

140. 1857 ई. की क्रान्ति का सामान्य कारण क्या था ?

(A) ब्रिटिश द्वारा भारत का आर्थिक शोषण

(B) ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा भारत की सामाजिक व्यवस्था में हस्तक्षेप

(C) मिशनरियों के विरुद्ध जनता का क्रोध

(D) उपर्युक्त सभी

141. भारत में थियोसोफिकल सोसाइटी की किसके द्वारा स्थापना की गई ?

(A) रुक्मिणी देवी अरुण्डेल

(B) जस्टिस रानाडे

(C) ऐनी बेसेण्ट

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. भारत की राजधानी का कलकत्ता से दिल्ली को कब हस्तान्तरण किया गया ?

(A) 1910 ई. (B) 1912 ई.

(C) 1914 ई. (D) 1922 ई.

143. 1857 ई. की क्रान्ति के फलस्वरूप–

(A) ईस्ट इण्डिया कम्पनी और अधिक शक्तिशाली हो गई

(B) ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अधिकारों को सीमित कर दिया गया

(C) भारत का शासन सीधे ब्रिटिश क्राउन के हाथ में चला गया

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं